कार्यालय–सचिव, औद्योगिक एवं प्राविधिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0, मोहान रोड, लखनऊ।

पत्रांक– C-1121 /असेसमेन्ट अंक/2021–22 दिनांक– 22. 11.2021

समस्त प्रधानाचार्य,
समाज कल्याण विभाग उ0 प्र0 द्वारा मान्यता प्राप्त,
औद्योगिक एवं प्राविधिक शिक्षण संस्थायें उ0प्र0।

विषयः–वार्षिक परीक्षा 2021 में सम्मिलित परीक्षार्थियों के फारमेटिव असेसमेन्ट एवं प्रयोगात्मक विषय के अंको का निर्धारण किये जाने के सम्बन्ध में।

कृपया अवगत हों कि, एन.सी.वी.टी. द्वारा शैक्षिक सत्र 2020–2021 में निम्नानुसार सैत्रिक अंकों के स्थान पर फारमेटिव असेसमेन्ट अंको का निर्धारण किया गया है, यह अंक परिषद के अन्तर्गत संचालित औद्योगिक एवं प्राविधिक शिक्षण संस्थाओं पर भी वार्षिक परीक्षा 2021 से प्रभावी किये जा रहे हैं। यह अंक संस्था के प्रधानाचार्य द्वारा प्रदान किये जायेंगे। विवरण निम्नवत हैः–

एक वर्षीय नान इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों हेतु फारमेटिव असेसमेन्ट अंको का निर्धारण निम्नानुसार हैः–

सीविंग टेक्नोलाजी, हेयर एण्ड स्किन केयर, फैशन डिजाइन एण्ड टेक्नोलाजी, एवं कोपा

क्रम सं0	विषय का नाम	पूर्णांक	न्यूनतम उत्तीर्णांक
1	फारमेटिव असेसमेन्ट (यह अंक संस्था द्वारा प्रदान किये जायेगें)	200	120

इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों में एक वर्षीय पाठ्यक्रम एवं दो वर्षीय पाठ्यक्रमों में प्रथम वर्ष हेतु फारमेटिव असेसमेन्ट अंको का निर्धारण निम्नानुसार हैः–

प्लम्बर, आर्मेचर वाइन्डर, वेल्डर, मैकेनिक डीजल इंजन, इलेक्ट्रीशियन (प्रथम वर्ष) फिटर (प्रथम वर्ष), प्रशीतन एवं वातानुकूलन (आर.ए.सी.) (प्रथम वर्ष), रेडियो एण्ड टी.वी. मैकेनिक (प्रथम वर्ष), मैकेनिक मोटर व्हीकल (प्रथम वर्ष) एवं वायरमैन (प्रथम वर्ष)।

क्रम सं0	विषय का नाम	पूर्णांक	न्यूनतम उत्तीर्णांक
1	फारमेटिव असेसमेन्ट (यह अंक संस्था द्वारा प्रदान किये जायेगें)	200	120

दो वर्षीय इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों में द्वितीय वर्ष हेतु फारमेटिव असेसमेन्ट अंको का निर्धारण निम्नानुसार हैः–

इलेक्ट्रीशियन (द्वितीय वर्ष), फिटर (द्वितीय वर्ष), प्रशीतन एवं वातानुकूलन (आर.ए.सी.) (द्वितीय वर्ष), रेडियो एण्ड टी.वी. मैकेनिक (द्वितीय वर्ष), मैकेनिक मोटर व्हीकल (द्वितीय वर्ष) एवं वायरमैन (द्वितीय वर्ष) ।

क्रम सं0	विषय का नाम	पूर्णांक	न्यूनतम उत्तीर्णांक
1	फारमेटिव असेसमेन्ट (यह अंक संस्था द्वारा प्रदान किये जायेगें)	250	150

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि उपरोक्तानुसार अपनी संस्था में संचालित पाठ्यक्रमों से सम्बन्धित परीक्षार्थियों के फारमेटिव असेसमेन्ट के अंक निम्न प्रारूप पर दिनांक–06.12.2021 तक अनिवार्य रूप से पंजीकृत डाक अथवा व्यक्तिगत रूप से कार्यालय में उपस्थित होकर प्राप्त कराना सुनिश्चित करें निर्धारित तिथि तक अंक प्राप्त न कराने की स्थिति में यदि परीक्षाफल अपूर्ण रहता है तो उसका पूर्ण उत्तरदायित्व आपका होगा।

फारमेटिव असेसमेन्ट के अंक निम्न प्रारूप पर प्रेषित करें।

संस्था का नाम–

संस्था का कोड–

पाठ्यक्रम का नाम–

क्रम सं0	अनुक्रमांक	संस्था द्वारा प्रदान किये गये अंक

गत वर्षो में कतिपय संस्थाओं द्वारा केवल उन्हीं परीक्षार्थियों के अनुक्रमांक अंक सूची में अंकित किये गये थे जो परीक्षा में उपस्थित थे। अनुपस्थित छात्रों का अनुक्रमांक अंकित न किये जाने के कारण संबधित छात्रों के अंको का डाटा फीड करने में बहुत कठिनाई हुई।

अतः निर्देशित किया जाता है कि, ट्रेडवार समस्त परीक्षार्थियों के अनुक्रमांक अंकित कर अनुपस्थित छात्रों के सम्मुख लाल स्याही से अनुपस्थित अंकित कर ही फारमेटिव असेसमेन्ट की अंक सूची प्रेषित करें ।

समस्त इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों में प्रयोगात्मक परीक्षा हेतु 250 अंक निर्धारित हैं।

(पी0के0 मिश्रा)
सचिव
(पी0 के0 मिश्रा)
सचिव
22.11.2021